प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.03.2025 **15.00 बजे**

बजट सत्र

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज शिमला में दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने इस मौके पर प्रदेश सरकार की दो साल की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो साल के शासनकाल में 6 गारंटियों को पूरा कर दिया है। जिनमे ओपीएस की बहाली, महिलाओं को चरणबद्ध ढंग से 15 सौ रूपए की सम्मान राशि देना, युवाओं को स्वरोजगार के लिए 6 सौ 80 करोड़ रुपए का फण्ड शुरू करना, गाय व भैंस के दूध के खरीद मूल्य में वृद्धि और गोबर की खरीद शामिल है। राज्यपाल ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। इसके लिए प्राकृतिक रूप से उगाई गई गेंहू और मक्की के लिए खरीद समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि अभी तक प्रदेश में लगभग अढ़ाई लाख किसान प्राकृतिक खेती से जुड़ चुके हैं और उनकी आय में अपेक्षित वृद्धि हुई है। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ अभियान को व्यापक रूप से अपनाने के लिए सभी का आभार जताया। 28 मार्च तक चलने वाले बजट सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। 17 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सदन में वित्त वर्ष 2025–26 का बजट पेश करेंगे। बजट सत्र को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

मुख्यमंत्री–चैंपियंस ट्रॉफी

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने चैंपियंस ट्रॉफी की जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। उन्होंने भारतीय टीम को हिमाचल आने का विशेष निमंत्रण दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार टीम के प्रवास से जुड़े सभी खर्चों का वहन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश को टीम इंडिया की मेजबानी करने में खुशी होगी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मण्डी की सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को बंद करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस विश्वविद्यालय के दायरे को लगातार कम करने का काम कर रही है और पहले विश्वविद्यालय के साथ पांच जिलों के एक सौ 46 कॉलेज संबद्ध थे लेकिन अब इनकी संख्या को घटाकर 46 कर दिया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार की इस तरह की साजिश को बर्दाशत नही करेगी।

आवारा पशु

राज्य सरकार द्वारा बेसहारा गौ वंश के संरक्षण के लिए गौशालाएं स्थापित की गई है लेकिन सोलन जिले के चंबाघाट व आसपास के क्षेत्रों में पिछले काफी समय से बेसहारा गौवंश को सड़कों पर घूमते हुए पाया जा रहा है। पशुपालन विभाग के उप निदेशक विवेक लांबा ने बताया कि बेसहारा गौवंश

की जिम्मेदारी पंचायतों को दी गई है लेकिन पंचायतें इसे रोकने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी ग्रामीण अपने पशुओं को बेसहारा सड़कों पर न छोडे।

सुरक्षा सप्ताह

देश में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। यह सप्ताह हर वर्ष 4 से 10 मार्च के बीच मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा सावधानियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष का विषय है विकसित भारत के लिए सुरक्षा और स्वास्थ्य महत्वपूर्ण। ये विकसित भारत के लिए सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित है।

विंटर गेम्स

जम्मू कश्मीर में आयोजित की जा रही पांचवीं खेलो इंडिया विंटर गेम्स में एथलीट योगेश कुमार ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अल्पाइन सलालम स्की प्रतियोगिता में प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया है। एथलीट योगेश कुमार कुल्लू जिला के पलचान के रहने वाले हैं।